# कार्यालय नोडल अधिकारी (भर्ती सेल) उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति
# जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़) पिन-494334

क्रमांक/2183/सेजेस वि.संविदा भर्ती/2023-24 कांकेर, दिनांक : 18/08/2023

## //प्रेस विज्ञप्ति//

**कांकेर, दिनांक : 18/08/2023**

जिले के नवीन सृजित छः आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोडेकुर्से, आमाबेड़ा, बान्दे, कोयलीबेड़ा, हल्बा, कोरर तथा पूर्व से संचालित अन्य अंग्रेजी आत्मानंद विद्यालयों में रिक्त शिक्षक (सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान), कम्प्यूटर शिक्षक, व्यायाम शिक्षक, ग्रंथपाल, सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक विज्ञान, सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाला पदों की पूर्ति के लिए प्राप्त ऑनलाईन आवेदन पत्रों जिनका भौतिक सत्यापन दिनांक 03 तथा 04 अगस्त 2023 को जिला मुख्यालय में स्थित सेजेस शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय कांकेर में आयोजन किया गया था, इनमें त्वरित नियुक्ति के लिए ऑनलाईन काउंसिलिंग की प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होने जा रही है।

कलेक्टर कांकेर की अध्यक्षता में गठित प्रबंधन एवं संचालन समिति द्वारा जारी विज्ञापन दिनांक 27.06.2023 के लिए काउंसिलिंग की पूरी प्रक्रिया, चरण एव दिशानिर्देश जिले की अधिकृत वेबसाईट www.kanker.gov.in पर अपलोड की जा रही है।

प्रत्येक अभ्यर्थी अपने ई-मेल, दूरभाष तथा इस वेबसाईट का नियमित अवलोकन करें। सभी पदों की चयन एवं प्रतीक्षा सूची विद्यालय एवं पदवार वेबसाईट में अपलोड कर दी गयी है।

समिति अध्यक्ष कलेक्टर, कांकेर के दिशानिर्देश एवं प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कांकेर की ओर से निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सभी चयनित अभ्यर्थियों को शासकीय दूरभाष से यथाशीघ्र सूचना दी जा रही है। ऑनलाईन काउंसिलिंग के लिए अभ्यर्थियों को दी गयी समयावधि में निर्धारित प्रक्रिया एवं दिशानिर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा अन्यथा अगले चरण के लिए उनकी अभ्यर्थिता स्वयमेव समाप्त हो जावेगी। सभी अभ्यर्थी विधि एवं प्रक्रिया से जुड़ने के लिए ई-मेल तथा स्वयं द्वारा प्रस्तुत मोबाईल नम्बर को अद्यतन रखे। पदस्थापना के लिए काउंसिलिंग की पूरी प्रक्रिया भर्ती सेल तथा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी उत्तर बस्तर कांकेर के सूचना पटल पर भी उपलब्ध है। अभ्यर्थी इनका भी अवलोकन कर सकते हैं।

R.Shrivastav 18/8/23

**नोडल अधिकारी (भर्ती सेल)**
**उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

पृ.क्रमांक/2183A/सेजेस वि.संविदा भर्ती/2023-24 कांकेर, दिनांक : 18/08/2023

**प्रतिलिपि :-**

1. कलेक्टर एवं अध्यक्ष उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति,जिला-उत्तर बस्तर कांकेर को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं प्रभारी अधिकारी उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर को सादर सूचनार्थ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी एवं सचिव उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति जिला-उत्तर बस्तर कांकेर को सादर सूचनार्थ।
4. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. जिला-उत्तर बस्तर कांकेर को जिला के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु सादर सूचनार्थ।
5. उप संचालक, जनसंपर्क विभाग जिला-उत्तर बस्तर कांकेर को सादर सूचनार्थ एवं राज्य स्तर समाचार पत्र पर प्रकाशन करने हेतु।

R.Shrivastav 18/8/23

**नोडल अधिकारी (भर्ती सेल)**
**उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**

# :: पदस्थापना हेतु काऊसिंलिंग की प्रक्रिया ::

1. चयन एवं प्रतीक्षा सूची जिले की अधिकृत वेबसाइट www.kanker.gov.in में अपलोड होने के पश्चात् प्रत्येक संबंधित अभ्यर्थी को भर्ती सेल के पास संबंधित अभ्यर्थियों को ई-मेल तथा दूरभाष पर ऑनलाईन काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की सूचना देना।
2. अभ्यर्थियों को दूरभाष पर संपर्क सेजेस भर्ती नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी (भर्ती सेल) उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति, द्वारा किया जावेगा।
3. मेरिट क्रम से पदवार तथा विषयवार अभ्यर्थियों से वरीयता तथा उनके विकल्प के आधार पर शाला चयन की सहमति लेना तथा शेष स्थलों से नाम वापसी का प्रस्ताव आमंत्रित करना (निर्धारित प्रारूप में) प्रारूप भर्ती सेल के पास उपलब्ध अभ्यर्थी के ई-मेल में किया जावेगा।
4. चयनित अभ्यर्थियों द्वारा चुन लिए गये स्थल तथा भरे गये पदों का विलोपन कर अगले उपलब्ध पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों से क्रमशः उन्हे वस्तुस्थिति की जानकारी देकर अगले पदों को भरे जाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना।
5. अंतिम पद तक उपलब्ध अभ्यर्थियों का चयन करना।
6. काऊंसिलिंग की प्रक्रिया व्याख्याता पद हेतु भी किया जावेगा, चयन एवं प्रतीक्षा सूची जिले की साईट में उपलब्ध है। विज्ञापन क्रमांक 1992/15.05.2023 के तहत् व्याख्याता पद हेतु दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार उपरांत चयन एवं प्रतीक्षा सूची जिले की साईट में पूर्व में अपलोड किया जा चुका है।
7. काऊंसिलिंग फोन/ई-मेल के माध्यम से दिनांक 21.08.2023 से 25.08.2023 तक प्रस्तावित है। काऊंसलिंग हेतु कार्यालयीन मेल आई डी-deoofficekanker@gmail.com है। अभ्यर्थी द्वारा चयनित विद्यालय के समर्थन में **सहमति एवं घोषणा पत्र** का होना अनिवार्य है। इसकी अनुपस्थिति से अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता पूरी नहीं होगी।

**(कलेक्टर एवं अध्यक्ष महोदया द्वारा अनुमोदित)**

18/8/23

**नोडल अधिकारी (भर्ती सेल)**
**उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन एवं संचालन समिति**
**जिला-उत्तर बस्तर कांकेर**